>

Title: Need to expedite the construction of railway line from Muzaffarpur to Sitamarhi in Bihar.

श्री अर्जुन राय (सीतामढ़ी): महोदय, बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी तक 63 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण वर्ष 1997-98 में शुरू किया गया था। विगत 12 वर्षों में अभी तक उक्त लाइन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। सूत्रों के मुताबिक इस चालू वर्ष में रेलवे द्वारा 0 किलोमीटर से 12 किलोमीटर तक तथा 40 किलोमीटर से 63 किलोमीटर तक का निर्माण कार्य इस वर्ष पूरा किया जाएगा, जबकि 12 से 40 किलोमीटर के बीच के हिस्से का निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से हो रहा है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी की 63 किलोमीटर की रेलवे लाइन का निर्माण कार्य एक साथ पूरा किया जाए, न कि विभिन्न चरणों में किया जाए। विभिन्न चरणों में निर्माण कार्य होने के कारण इस रेलवे लाइन का कार्य काफी धीमी गति से 12 वर्षों से हो रहा है, जिसके कारण इस क्षेत्र की जनता को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः उक्त रेलवे लाइन का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाए, जिससे बिहार राज्य के उक्त पिछड़े क्षेत्र को देश के अन्य हिस्सों से भी जोड़ा जा सके। इसके साथ ही नेपाल से भी आने-जाने के लिए सीधी रेल सेवा का लाभ भी लोगों को मिल सके।